शक्ति पटेल को मिला राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

drishtiias.com/hindi/printpdf/shakti-patel-received-national-teacher-award

चर्चा में क्यों?

5 सितंबर, 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शिक्षक दिवस पर **मंडला ज़िले के शिक्षक शक्ति पटेल** को **राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2021** से सम्मानित किया।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि वर्चुअल कार्यक्रम में देश के 44 शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किये गए।
- ज्ञातव्य है कि 32 वर्षीय **शक्ति पटेल मंडला ज़िले के ग्राम मांद के शासकीय हाई स्कूल में हिंदी विषय के माध्यमिक शिक्षक** हैं।
- इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में **टेक्नोलॉजी** को सम्मिलित किया तथा **क्यूआर कोड** द्वारा **नि:शुल्क नोट्स** बच्चों को वितरित किये। इनकी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध मनोरंजक शिक्षण सामग्री से देश के हज़ारों छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही इन्होंने हिंदी विषय के पाठों की घटनाओं को वास्तविक जीवन की घटनाओं से जोड़कर पढ़ाने पर महत्त्व दिया।
- उल्लेखनीय है कि प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में काम कर रहे प्रतिभाशाली शिक्षकों की उत्कृष्टता और प्रतिबद्धता को सम्मान देने के लिये **वर्ष 1958** में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कारों की शुरुआत की गई थी।
- **5 सितंबर, 1962** को भारत में **पहली बार डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस** मनाया गया था।
- इसी तरह 5 सितंबर, 2021 को ही मध्य प्रदेश में आयोजित राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह, 2021 के ऑनलाइन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न ज़िलों के 27 शिक्षकों को शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिये सम्मानित किया गया।